हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 22 मार्च 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



## खबर संक्षेप

### औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एसएसपी ने ली बैठक



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने बिलासपुर के विभिन्न औद्योगिक फैक्ट्री कारखानो में हो रहे लगातार हादसों की समीक्षा करते हुए सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र, बिल्हा क्षेत्र तिफरा क्षेत्र, सिलपहरी ,कोनी क्षेत्र के फैक्ट्री मालिक/संचालकों की मीटिंग ली। उन्होंने नियमानुसार सभी सुरक्षा मानकों पूरा करने का निर्देश दिए। जिससे एक्सीडेंट के मामलों में कमी लाई जा सके। सभी फैक्ट्री, कारखाना, उद्योग के मालिक, संचालकों को कार्यरत स्टाफ की जान-माल की सुरक्षा के लिए आवश्यक साधान संसाधन मुहैया कराने के लिए कहा गया। कर्मचारी शराब पीकर कार्य में न आए इसके लिए ब्रीथ एनालाईजर मशीन लगाने, न्यूसंस करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने और प्रत्येक उद्योग के अंदर, बाहर और मुख्य मार्ग को कव्हर करते सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र में लगातार हो रहे आगजनी की घटना रोकने सुरक्षा आडिट करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। मीटिंग में छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार शाह , जिला उद्योग संघ के उपाध्यक्ष जितेन्द्र गांधी, शिवकुमार अग्रवाल, एनएस राजू, नवनीत अग्रवाल, हनुमंत अग्रवाल, एल एस नायक, प्रकाश, अंकुर अग्रवाल, विष्णु मुरारका, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर ) पंकज पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मधुलिका सिंह उपस्थित रहीं।

### मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना शिविर का हितग्राहियों ने उठाया लाभ



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंध निदेशक, भीम सिंह कंवर भी शामिल होकर लोगों को इसका लाभ उठाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 के तहत बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक तथा मूलराशि में बीपीएल उपभोक्ताओं को 75 प्रतिशत एवं घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत छूट देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बिलासपुर रीजन अंतर्गत बिलासपुर के चांटीडीह, रतनपुर तथा पाली में शिविर लगाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर उपस्थित रहे। श्री कंवर ने उपभोक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी जिसका निराकरण तत्काल ही शिविर स्थल में किया गया। शेष प्रकरणों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। शिविर में बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अंबस्थ, अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े, पी. आर. साहू, कार्यपालन अभियंता हेमंत चंद्रा, बी. बी. नेताम आदि मौजूद थे।

## निधन

### अनुसुइया गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर बनियापारा निवासी अनसुईया गुप्ता का शनिवार 21 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय गुप्ता की पत्नी, पूनम मुरारका व प्राची गुप्ता की मां थीं।

### क्षमा डोनगांवकर



**बिलासपुर।** उषा हाईट्स निवासी क्षमा डोनगांवकर 75 वर्ष का शुक्रवार को पुणे में निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार शनिवार को पुणे में किया गया । वे दिलीप डोनगांवकर की पत्नी एवं शलभ , क्षितिज डोनगांवकर की माता थीं ।

### रामगोपाल उपाध्याय



**बिलासपुर।** लाखासर निवासी रामगोपाल उपाध्याय का स्वर्गवास 21 मार्च को हो गया। उनकमी अंतिम यात्रा 22 मार्च को सुबह 11 बजे वर्तमान निवास शिवम रेसिडेंशी से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकली। वे डॉ मनीष उपाध्याय,आशीष उपाध्याय के पिता थे।

### रामेश्वर कौशिक



**तखतपुर।** देवरी काठाकोनी निवासी रामेश्वर कौशिक का 37 वर्ष की उम्र में शुक्रवार 20 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम देवरी में किया गया। वे सेवाराम कौशिक के पुत्र, वाल्मीकि कौशिक के भतीजे एवं मनोज, हीरालाल कौशिक के छोटे भाई थे।

### खोरबहरा कौशिक



**तखतपुर।** काठाकोनी निवासी खोरबहरा कौशिक का 88 वर्ष की आयु में 20 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 मार्च को गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सुखदेव कौशिक ,धनीराम कौशिक एवं मनीराम कौशिक के पिता थे।

### रमेश निर्मलकर



**तखतपुर।** वार्ड 6 निवासी रमेश निर्मलकर 45 वर्ष का 19 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### सुनील नार्गव



**मुंगेली।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुनील नार्गव का 21 मार्च को दोपहर 3 बजे रायपुर स्थित एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 22 मार्च को सुबह 10 बजे उनके गृहग्राम नेवासपुर में किया जाएगा।

# एवीएम सैनिक स्कूल में 'एजुकेशन एक्सपो 2026' का आयोजन आज

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल कोनी शाखा में "एजुकेशन एक्सपो 2026" का भव्य आयोजन22 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें शहर के विभिन्न कोने से छात्र -छात्राएं सम्मिलित होंगे। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में शाम 4 बजे से 8 बजे तक होगा।





इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा एवं सटीक मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यक्रम का आयोजन कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयास एवं योगदान सराहनीय रहे हैं, जिनके कारण ऐसे नवाचारी एवं छात्रहितकारी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं विशेषज्ञ वक्ता विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च शिक्षा, नई शिक्षा नीति एवं करियर के विविध अवसरों पर विस्तृत जानकारी देंगे। इसमें डॉ. जवाहर सुरी सेट्टी शिक्षा नीतियों, स्किल डेवलपमेंट एवं भविष्य की शिक्षा प्रणाली पर मार्गदर्शन देंगे। शिक्षाविद सैयद फाजिल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। इस आयोजन में सीवी रमन यूनिवर्सिटी, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, इटोपिया,डी.एल.एस.कॉलेज, बीइंग एसेट्स, अविक स्पोर्ट्स हेल्थ एंड फिटनेस तथा संकल्प लर्निंग क्लासेस शामिल हैं।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता,टैलेंट हंट, गायन एवं नृत्य प्रस्तुतियां रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल हैं। एक्सपो में शैक्षणिक प्रदर्शनी, नवाचार एवं प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल भी प्रमुख आकर्षण रहेंगे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, विद्यालय के डायरेक्टर एस.के. जन्नास्वामी ने कहा कि "हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम बनाना है। प्राचार्या जी.आर.मधुलिका ने बताया कि- कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरे उत्साह के साथ की जा रही हैं।

## अनुसुइया आश्रम में सतचंडी यज्ञ एवं और देवी भागवत




**बिलासपुर।** चकरभाठा रेल्वे स्टेशन के पास स्थित अनुसुइया आश्रम में चैत्र नवरात्रि में 19 से 27 मार्च तक सतचंडी यज्ञ एवं और देवी भागवत का आयोजन जन कल्याण की कामना से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नव कुंडीय यज्ञ प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वैदिक रीति से चल रहा है। दोपहर 3ः 30 से देवी भागवत का कार्यक्रम है जिसमें लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यज्ञ अनुष्ठान में बहुत से साधु संत भी पहुंचे हैं जिनमें पंच दशनाम जूना अखाड़ा उज्जैन से ऊर्ध्वबाहु महाराज भी पहुंचे है जो वर्षों से एक हाथ ऊपर रखे हुए है। इनका भी दर्शन करने श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं।यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति 27 मार्च को होगी।

# झूलेलाल बहराणा साहब की ज्योत तालाब में विसर्जित

**बिलासपुर।** सिंधी समाज के नव वर्ष चेट्रीचंड्र महोत्सव को सिंधी समाज के इष्ट देवता लाल साईं झूलेलाल की शोभायात्रा धूमधाम से सिंधी युवक समिति द्वारा निकाली गई।




सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज ने बताया कि लाल साईं झूलेलाल की पूजा अर्चना कर महाआरती कर शोभायात्रा सुबह बंधवापारा से निकली गई। पूज्य सिंधी पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी में शोभायात्रा का समापन हुआ। जहां शोभायात्रा का धूमधाम से स्वागत पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कॉलोनी ने किया गया। अमर बजाज एवं अध्यक्ष मनीष लाहोरानी ने शोभायात्रा समाप्ति पर समस्त समाज का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात झूलेलाल की बहराणा साहब की ज्योत विधि विधान पूजा अर्चना के साथ तालाब में विसर्जित कर सर्व समाज में भाई चारा एवं सर्वधर्म की खुशहाली की कामना की गई। बहराणा साहब की विसर्जन पूजा में अमर बजाज, मनीष लाहोरानी, अमित संतवानी, रमेश वाधवानी, भगवान दास भोजवानी, राजेश चंदवानी, विजय वाधवानी, राजकुमार बजाज,रमेश भोजवानी, इत्यादि शामिल थे।

## सिंधी समाज ने चेट्रीचंड्र पर निकाली भव्य बाइक रैली



**बिलासपुर।** सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल साईं के जन्मोत्सव पर स्कूटर रैली एवं शोभायात्रा का आयोजन किया। क्षेत्र में सिंधी समाज द्वारा अपने आराध्य एवं ईष्ट देव भगवान झूलेलाल साईं के पावन जन्मोत्सव 'चेट्री चंड्र के शुभ अवसर पर भव्य, दिव्य एवं अत्यंत आकर्षक शोभायात्रा तथा स्कूटर रैली निकाली गई। पूरा वातावरण "झूलेलाल साईं की जय" के जयकारों से गूंज उठा, जिससे हर श्रद्धालु का मन भक्ति भाव से ओत-प्रोत हो गया। स्कूटर रैली का शुभारंभ महापौर पूजा विधानी ने किया। शोभायात्रा में सुसज्जित झांकियां, भक्ति संगीत और रंग-बिरंगी सजावट ने सभी का मन मोह लिया।

जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया गया। इस पावन आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने भी आयोजन को और अधिक गरिमामय बना दिया। भगवान झूलेलाल साईं के आशीर्वाद से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और सभी श्रद्धालुओं ने सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष विनोद मेंघानी, सेंट्रल सिंधी युवा विंग अध्यक्ष रॉबिन वाधवानी, भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय अध्यक्षा विनीता भावनानी, महिला विंग अध्यक्ष कंचन मालघानी ने सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 22 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री


दयालबंद से गांधी चौक जाने वाली सड़क पर डिवाईडर के लिए खोदा गया गड्ढा।



## खबर संक्षेप

### पत्रकार कॉलोनी में भजन संध्या व जसगीत आज

**बिलासपुर।** नवरात्रि की चतुर्थी को पत्रकार कालोनी में भजन संध्या और जसगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार कॉलोनी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम रविवार 22 मार्च की शाम 7 बजे से गार्डन में रखा गया है। समिति के अध्यक्ष रामाधार देवांगन ने बताया कि भजन संध्या में गायक भागवत मिश्रा और रहंगी की माता सेवा मंडली अपनी प्रस्तुति देंगे।

### विश्व जल दिवस पर जल संगोष्ठी

**बिलासपुर** । पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा विश्व जल दिवस पर 22 मार्च को शाम पांच बजे से विवेकानंद उद्यान, सिम्स चौक में जल संगोष्ठी का आयोजन डॉ विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में किया जाएगा। जिसमें विचार, काव्य गोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के अध्यक्ष डॉ विवेक तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर काव्य पाठ के सहभागियों को समिति द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी आज

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम 22 मार्च को दोपहर 3.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में किया जाएगा। संघ के रामधन रजक ने बताया कि इसका आयोजन संघ की यात्रा के 100 वर्ष पूरा होने पर किया जा रहा है। इसमें मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र भोपाल हैं।

### निगम की ओर से अर्बन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली में प्रेजेंटेशन दिया गया

# चांटीडीह में बनेगा दिल्ली जैसा सरोजिनी मार्केट 20 एकड़ जमीन पर 150 करोड़ का प्रोजेक्ट

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

शहर के चांटीडीह मेलापारा में 20 एकड़ जमीन पर 150 करोड़ का प्रोजेक्ट लांच किया जाएगा। सबसे बड़ी परियोजना दिल्ली के सरोजिनी मार्केट जैसा बाजार स्थापित करने के लिए बनाई गई है। 10 एकड़ जमीन पर यह बाजार करीब 50 करोड़ में बनेगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी बिलासपुर की ओर से अरबन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली में प्रेजेंटेशन दिया जा चुका है। स्मार्ट सिटी 2 के तहत इसके लिए राशि जारी होगी। हालांकि रायपुर में इसी तरह का बाजार बन रहा है जिसके लिए प्रथम चरण में बजट का आबंटन होगा। इसके बाद बिलासपुर की बारी आएगी। अधिकारियों का दावा है कि इससे बिलासपुर शहर को एक बड़ा बाजार मिलने के साथ ही सैकड़ों लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

गौरतलब है कि चांटीडीह मेलापारा में अवैध कब्जा कर रह रहे 700 लोगों को निगम ने हटाया था। इन लोगों को अशोकनगर के अटल आवास में शिफ्ट भी कर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान निगम को भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा था। नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि चांटीडीह मेलापारा में बेजा कब्जा में बसे लोगों को खमतराई, बहतराई में बने प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट करने के लिए प्रक्रिया दो साल पहले से चल रही है। 400 परिवार पहले ही सरकारी आवास में शिफ्ट हो चुके हैं और मौके से 742 मकानों को हटाया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के लिए उन्हें 4.75 लाख की लागत से बने पक्के मकानों में शिफ्ट किया गया है।



**खास खबर**

### रायपुर के बाद बिलासपुर को स्मार्ट सिटी 2 के तहत इसके लिए पूरी राशि जारी होगी

#### बाजार में यह सब होंगे खास

अधिकारियों के मुताबिक यहाँ, शॉट्र्स से लेकर डंगरी, पजामा, स्कर्ट, कॉकटेल ड्रेस, कैजुअल, सेमी-फॉर्मल तक सब कुछ मिलेगा। इसके साथ ही जंक ज्वेलरी, स्नीकर्स और सैंडल्स का अलग बाजार दिल्ली जैसा होगा। इसके अलावा फैंसी वेजेज़, पेंसिल हील्स, हाई बूट्स, फ्लैट्स भी मौजूद रहेंगे। सबसे अच्छी बात यह होगी कि शहरवासी इन्हें बहुत ही सस्ते दामों पर खरीद सकते हैं। इसके साथ ही बाजार केवल कपड़ों तक ही सीमित नहीं होगा बल्कि घर की सजावट का सामान और कटलरी के लिए भी यहाँ एक पूरी लेन रहेगी। प्रिंटेड पर्दे, शो पीस, टेबलक्लॉथ आदि से लेकर बेड शीट, वॉल हैंगिंग, पेंटिंग, कुशन कवर तक, बहुत कुछ मिलेगा।

#### गार्डन और व्यवसायिक परिसर बनेगा

निगम इस जगह पर पहले सुनियोजित हाउसिंग प्रोजेक्ट, गार्डन और व्यवसायिक परिसर बनाने जा रहा था। तय किया गया था कि निगम यहां पहली बार निगम स्वयं मकान बनाएगा और बेचेगा। यह मकान ईडब्ल्यूएस स्तर के साथ ही एलआईजी और एमआईजी स्तर के होने थे। अब लेकिन इस प्रोजेक्ट को बंद करते हुए पूरी योजना सरोजिनी मार्केट बनाने की है। एक बड़ा व्यावसायिक परिसर के साथ ही ग्रीनरी के लिए गार्डन भी बनाया जाएगा। खास बात है कि इसे पीपीपी मोड पर बनाने के लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

#### बनाई गई है योजना

शहर के चांटीडीह मेलापारा में 20 एकड़ जमीन पर 150 करोड़ का प्रोजेक्ट लांच किया जाएगा। सबसे बड़ी परियोजना दिल्ली के सरोजिनी मार्केट जैसा बाजार स्थापित करने के लिए बनाई गई है। 10 एकड़ जमीन पर यह बाजार बनेगा। इसके लिए स्मार्ट सिटी बिलासपुर की ओर से अर्बन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली में प्रेजेंटेशन दिया जा चुका है। स्मार्ट सिटी 2 के तहत इसके लिए राशि जारी होगी।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त नगर निगम

#### नई परियोजना की मुख्य विशेषताएं

**आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर:** नया बाज़ार एक हाई-स्ट्रीट मॉल की तरह होगा, जिसमें 600 से अधिक दुकानें, ऑफिस स्पेस और रिटेल सेंटर शामिल होंगे।

**सुविधाएं :** इसमें अत्याधुनिक पार्किंग, बेहतर लैंडस्केपिंग, और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी व एफआरएस कैमरों की व्यवस्था होगी।

**उद्देश्य :** इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक बाजार के माहौल को बरकरार रखते हुए, उसे एक आधुनिक और आरामदायक शॉपिंग अनुभव में बदलना है, जो वेंडर्स और ग्राहकों दोनों के लिए फायदेमंद होगा।

# तारबाहर से शिव टॉकीज चौक तक का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



**श्रीकांत वर्मा चौक से सीएमडी चौक की सड़क को मिली मंजूरी**

- शासन और एनएचएआई ने सड़क परियोजनाओं पर चल रहे काम की जानकारी दी, 5 मई को होगी सुनवाई
- हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से मांगा स्टेटस रिपोर्ट, सड़क मरम्मत और निर्माण कार्यों की निगरानी जरूरी

छत्तीसगढ़ की बदहाल सड़कों को लेकर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और एनएचएआई ने कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं। कई परियोजनाओं में काम शुरू या प्रगति पर है, इसकी जानकारी दी गई है लेकिन, सभी कार्य समय पर पूरे हों, इसके लिए लगातार निगरानी जरूरी है। डिवीजन बेंच ने मामले में राज्य शासन और एनएचएआई को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा कि यह भी बताएं कि सभी निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा क्या है और काम कब तक पूरा होगा। 5 मई को सुनवाई से पहले कोर्ट सभी कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग करेगा।

जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने शपथपत्र में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। जिसमें बताया गया कि बिलासपुर की प्रमुख सड़क पेंड्रीडीह चौक से नेहरू चौक के लिए पहले 4937.39 लाख का जिक्र था, अब 4079 लाख रुपए का बजट आवंटित कर दिया गया है। काम को प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। साथ ही तकनीकि स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, सीपत से बलौदा रोड के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जशपुर-अंबिकापुर सहित कई सड़कें जो नेशनल हाईवे के अंतर्गत है, उस पर एनएचएआई काम करेगा। साथ ही मोपका-सेंदरी बायपास स्वीकृत और जल्द टेंडर होगा।

### तारबाहर से शिव टॉकीज चौक तक का काम पूरा

हाईकोर्ट में दिए जवाब में कहा गया कि श्रीकांत वर्मा चौक से सीएमडी चौक (बिलासपुर) के लिए 3 फरवरी 2026 को प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है। तारबाहर से शिव टॉकीज चौक तक का काम पूरा हो गया है। वहीं नगर निगम क्षेत्र की सड़कों का काम निगम द्वारा कराया जा रहा है। मंगला चौक से दीनदयाल उपाध्याय नगर तक चौड़ीकरण और अन्य कार्य जारी है। नारायणपुर से भाटापारा रोड का 9 मार्च 2026 को वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है।

### मानसून से पहले काम पूरा हो जाने का किया दावा

एनएचएआई ने कोर्ट को बताया कि, एनएच -30 (कोरबा-कटघोरा क्षेत्र) जमीन विवाद के कारण रुका 2 किमी का काम अब सुलझ चुका है। 20.13 करोड़ की लागत से नया टेंडर दिया गया है। जनवरी 2026 से काम फिर शुरू हो चुका है। इसका काम मानसून से पहले पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही एनएच 149 बी (कटघोरा-गोपालपुर) की 8.55 किमी सड़क का सुधार और मजबूतीकरण का काम चल रहा है। 22.48 करोड़ का काम जारी है।




# सोना ही नहीं, ये विकल्प भी दिला सकते हैं बेहतर रिटर्न

*सोना-चांदी जैसे सुरक्षित विकल्पों के साथ-साथ वैश्विक इक्विटी, क्वालिटी डेट और वैकल्पिक निवेश को मिलाकर संतुलित रणनीति अपनाना समझदारी भरा कदम हो सकता है। निवेश का मूल मंत्र वही है अस्थिरता में अवसर तलाशें, लेकिन सोच-समझकर।*

**निवेश मंत्रा**

बिजनेस डेस्क

पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजरायल तनाव ने वैश्विक वित्तीय बाजारों को अस्थिर कर दिया है। शेयर बाजारों में गिरावट, कच्चे तेल और कीमती धातुओं में तेजी और निवेशकों का सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख—ये सभी संकेत बताते हैं कि भू-राजनीतिक जोखिम फिलहाल बाजार की दिशा तय कर रहा है। ऊर्जा बाजार पर सबसे बड़ा असर पड़ा है। वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा जिस होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, वहां अनिश्चितता बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके साथ ही सोना और चांदी में भी तेज खरीदारी देखी गई है। खाड़ी क्षेत्र के हवाई मार्ग प्रभावित होने से दुबई और दोहा जैसे प्रमुख हवाईअड्डों पर परिचालन बाधित रहा, जिससे कारोबारी गतिविधियों पर भी असर पड़ा। विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले हफ्तों में बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है, लेकिन घबराहट में बड़े निवेश फैसले लेना समझदारी नहीं होगी।



**मध्य पूर्व संकट के बीच ऐसे बनाएं निवेश की रणनीति**

■

**ईरान-इजराइल संघर्ष से वैश्विक बाजार अस्थिर हुए**

■

**कच्चे तेल, सोने-चांदी की कीमतों में उछाल आया यूबीएस ने लंबी अवधि निवेश की सलाह दी**

## अस्थिर बाजार में कहां लगाएं पैसा

### कीमती धातुएं

भू-राजनीतिक तनाव के दौरान सोना सुरक्षित निवेश माना जाता है। यूबीएस के मुताबिक कुल पोर्टफोलियो का छोटा हिस्सा (कुछ प्रतिशत) सोने में रखना जोखिम संतुलन में मदद कर सकता है।

### ऊर्जा सेक्टर

तेल कीमतों में उछाल से ऊर्जा कंपनियों के शेयरों को फायदा मिल सकता है। हालांकि यह निवेश जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए चयन सावधानी से करें।

### वैश्विक इक्विटी

अमेरिका, यूरोप, जापान, चीन और भारत जैसे बड़े बाजारों में विविध निवेश लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दे सकता है।

### क्वालिटी फिक्स्ड इनकम

उच्च गुणवत्ता वाले बॉन्ड और डेट फंड पोर्टफोलियो की अस्थिरता कम करने में मदद करते हैं।

### एक्टिव कमोडिटी स्ट्रेटेजी

सक्रिय रूप से प्रबंधित कमोडिटी फंड बदलती परिस्थितियों में बेहतर अवसर पकड़ सकते हैं।

### हेज फंड/वैकल्पिक निवेश

उच्च नेटवर्थ निवेशकों के लिए वैकल्पिक रणनीतियां जोखिम प्रबंधन में सहायक हो सकती हैं।

### क्या करें निवेशक? घबराएं नहीं, रणनीति बदलें

यूबीएस ग्लोबल वेल्थ मैनेजमेंट के मुख्य निवेश अधिकारी मार्क हेफेले के अनुसार, इतिहास गवाह है कि ज्यादातर भू-राजनीतिक झटकों का बाजार पर असर सीमित अवधि तक ही रहता है। जैसे ही यह स्पष्ट होगा कि ऊर्जा आपूर्ति में बाधा अस्थायी है और प्रमुख तेल ढांचा सुरक्षित है, तेल की कीमतों में शुरुआती उछाल आंशिक रूप से कम हो सकता है। यूबीएस का मानना है कि ऐसे समय में पोर्टफोलियो से जोखिम पूरी तरह हटाने के बजाय उसे संतुलित और विविधतापूर्ण बनाना ज्यादा फायदेमंद रहता है। बैंक ने सलाह दी है कि निवेशक लंबी अवधि का नजरिया रखें और व्यापक इक्विटी इंडेक्स में निवेशित बने रहें।

### कैसा है मार्केट का फ्यूचर?

यूबीएस का अनुमान है कि सैन्य तनाव के शुरुआती दौर में शेयर बाजार दबाव में रह सकता है, लेकिन मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था, कंपनियों की बेहतर कमाई और वैश्विक स्तर पर बढ़ते सरकारी खर्च के कारण 2026 के अंत तक बाजार में मौजूदा स्तर से करीब 10 प्रतिशत तक बढ़त संभव है। बैंक को अमेरिका के साथ-साथ यूरोप, जापान, चीन और उभरते बाजारों में भी संभावनाएं दिख रही हैं।

### अगर तेल के दाम ऊंचे रहे तो?

तेल कीमतों में लंबी अवधि तक तेजी रहने से महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर सकते हैं। हालांकि हाल के वर्षों में केंद्रीय बैंकों ने अस्थायी महंगाई झटकों पर सीमित प्रतिक्रिया देने का संकेत दिया है। यूबीएस का मानना है कि ऊंची तेल कीमतें उपभोक्ताओं और कंपनियों पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालती हैं, जो कर वृद्धि जैसा असर पैदा कर सकती हैं। लेकिन तेल बाजार आमतौर पर खुद को संतुलित कर लेते हैं कीमतें बढ़ने पर आपूर्ति भी बढ़ती है। यदि कीमतों में उछाल अस्थायी रहा तो आर्थिक विकास पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर तेल लंबे समय तक महंगा रहा, तो तेल आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ सकता है।

### रणनीतिक धैर्य ही असली कुंजी

मध्य पूर्व में जारी तनाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है, लेकिन इतिहास बताता है कि बाजार समय के साथ खुद को संभाल लेते हैं। ऐसे दौर में घबराहट में पोर्टफोलियो बदलने के बजाय संतुलन, विविधता और लंबी अवधि का नजरिया अपनाना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। सोना-चांदी जैसे सुरक्षित विकल्पों के साथ-साथ वैश्विक इक्विटी, क्वालिटी डेट और वैकल्पिक निवेश को मिलाकर संतुलित रणनीति अपनाना समझदारी भरा कदम हो सकता है। निवेश का मूल मंत्र वही है अस्थिरता में अवसर तलाशें, लेकिन सोच-समझकर।

---

## आर्थिक दबाव में घबराएं नहीं, स्मार्ट प्लानिंग करें

# जब आपको खर्च भारी लगने लगे तो संभालें बजट व बढ़ाएं आमदनी

*छोटे बदलाव और अनुशासन पा सकते हैं फाइनेंशियल संतुलन*

**समझदारी**

बिजनेस डेस्क

कभी न कभी हर व्यक्ति ऐसी स्थिति का सामना करता है, जब अचानक खर्च बढ़ जाते हैं या आमदनी कम हो जाती है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती पैसों की नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने की होती है। अक्सर लोग घबरा जाते हैं और बिना सोचे-समझे फैसले लेने लगते हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ जाती है, जबकि सच्चाई यह है कि ज्यादातर आर्थिक परेशानियां अस्थायी होती हैं और सही रणनीति से इन्हें संभाला जा सकता है। सबसे पहला कदम है स्थिति को समझना। जब भी खर्च अचानक बढ़ें या आमदनी घटे, तो तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय थोड़ी देर रुकें और पूरे हालात का आकलन करें। एक कागज या मोबाइल नोट में लिखें कि किस वजह से बदलाव आया है। कितना अतिरिक्त खर्च हुआ या आमदनी कितनी घटी? जब आप इसे साफ-साफ देखेंगे, तो समस्या उतनी बड़ी नहीं लगेगी, जितनी दिमाग में लगती है।

### खर्चों को कंट्रोल करें

खर्चों को कंट्रोल करने के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने पर भी ध्यान देना चाहिए। यह जरूरी नहीं कि आप तुरंत बड़ी कमाई शुरू करें। छोटे स्तर से शुरुआत भी काफी मददगार हो सकती है। अगर आपके पास कोई स्किल है जैसे पढ़ाना, लिखना, डिजाइनिंग या कोई अन्य हुनर—तो उसे अतिरिक्त आमदनी के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। फ्रीलांस काम, पार्ट-टाइम जॉब या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अतिरिक्त आय के मौके तलाशे जा सकते हैं। इससे न केवल आर्थिक दबाव कम होता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

### भविष्य की तैयारी करें

जब आपकी स्थिति थोड़ी स्थिर होने लगे, तो भविष्य की तैयारी करना न भूलें। एक इमरजेंसी फंड बनाना बेहद जरूरी है। कोशिश करें कि कम से कम 3 से 6 महीने के जरूरी खर्चों जितनी राशि धीरे-धीरे बचाकर अलग रखें। यह फंड किसी भी अचानक आने वाली आर्थिक परेशानी में आपकी ढाल बन सकता है। इसके अलावा, कई लोग अपने वित्तीय प्लान में लाइफ इंश्योरेंस को भी शामिल करते हैं, ताकि किसी अनहोनी की स्थिति में परिवार सुरक्षित रहे।

### जरूरी और गैर-जरूरी खर्च समझें

इसके बाद जरूरी और गैर-जरूरी खर्चों के बीच फर्क करना बेहद जरूरी है। हर महीने के खर्चों की सूची बनाएं और उन्हें दो हिस्सों में बांटें। किराया, राशन, बिजली, बच्चों की फीस जैसे खर्च अनिवार्य होते हैं, जबकि बाहर खाना, ऑनलाइन शॉपिंग या मनोरंजन जैसे खर्चों को कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। यह छोटे-छोटे बदलाव आपके बजट पर तुरंत सकारात्मक असर डालते हैं।

### नियमित समीक्षा जरूरी

एक और महत्वपूर्ण बात है नियमित समीक्षा। आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए लगातार नजर रखना जरूरी है। हर हफ्ते या महीने अपने खर्च और आमदनी की समीक्षा करें। देखें कि कहां सुधार की जरूरत है और क्या बदलाव किए जा सकते हैं। यह आदत आपको भविष्य में भी वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में मदद करेगी। ध्यान रखें कि कोई भी आर्थिक स्थिति एक दिन में नहीं बदलती। जैसे समस्याएं धीरे-धीरे आती हैं, वैसे ही समाधान भी समय लेते हैं। इसलिए धैर्य रखना बेहद जरूरी है। छोटे-छोटे कदम ही बड़े बदलाव की ओर ले जाते हैं।

### कुछ न कुछ बचत करें

हर बार जब आप एक गैर-जरूरी खर्च कम करते हैं या थोड़ी अतिरिक्त बचत करते हैं, तो आप अपने लक्ष्य के करीब पहुंचते हैं। आर्थिक उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि कौन इन परिस्थितियों में घबराता है और कौन समझदारी से काम लेता है। अगर आप सही सोच, अनुशासन और निरंतर प्रयास बनाए रखते हैं, तो किसी भी वित्तीय संकट से बाहर निकलना संभव है।

### मुश्किल समय में फाइनेंशियल मंत्र

- **पहले स्थिति समझें:** खर्च और आमदनी का स्पष्ट हिसाब रखें
- **कटौती करें:** गैर-जरूरी खर्चों को तुरंत रोकें
- **आमदनी बढ़ाएं:** छोटे-छोटे साइड इनकम ऑप्शन अपनाएं
- **इमरजेंसी फंड बनाएं:** 3–6 महीने का खर्च अलग रखें
- **नियमित समीक्षा:** हर हफ्ते बजट पर नजर रखें
- **धैर्य रखें:** धीरे-धीरे ही स्थिरता वापस आती है

### समझदारी से कदम उठाएं

जब हर खर्च भारी लगने लगे, तब घबराने के बजाय समझदारी से कदम उठाना ही सबसे बड़ा समाधान है। सही योजना, छोटे बदलाव और निरंतर प्रयास से आप न सिर्फ इस दौर से बाहर निकल सकते हैं, बल्कि भविष्य के लिए खुद को और मजबूत भी बना सकते हैं।

---

# बाजार में अस्थिरता के बीच लंपसम निवेश करना मौका या फिर जोखिम

- इस समय वैल्यूएशन 10 साल के औसत से भी नीचे पहुंची
- एक्सपर्ट्स बोले, डर नहीं, रणनीति के साथ निवेश का वक्त
- भू-राजनीतिक तनाव ने निवेशकों के भरोसे को हिलाया

**अलर्ट**

बिजनेस डेस्क

हालिया गिरावट ने शेयर बाजार में निवेशकों की धड़कनें जरूर बढ़ा दी हैं, लेकिन बाजार के जानकार इसे खतरे के बजाय अवसर के रूप में भी देख रहे हैं। सेंसेक्स और निफ्टी-50 अपने ऐतिहासिक औसत के मुकाबले नीचे आ चुके हैं, जिससे वैल्यूएशन आकर्षक नजर आ रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है क्या यह एकमुश्त (लंपसम) निवेश का सही समय है? या जोखिम होगा। पिछले कुछ महीनों में बाजार में उतार-चढ़ाव तेज हुआ है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आर्थिक अनिश्चितता ने निवेशकों के भरोसे को हिलाया है। लेकिन इतिहास गवाह है कि बाजार की गिरावट अक्सर लंबे समय के निवेशकों के लिए मौके लेकर आती है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गिरावट "टाइम करेक्शन" का परिणाम है, जहां बाजार ने समय के साथ अपने वैल्यूएशन को संतुलित किया है। यही वजह है कि अब बाजार पहले की तुलना में ज्यादा "वाजिब" स्तर पर नजर आ रहा है।

### वैल्यूएशन क्यों हैं आकर्षक

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, सेंसेक्स और निफ्टी का वन-ईयर फॉरवर्ड पीई मल्टीपल करीब 17.8 गुना तक आ चुका है, जो पिछले कुछ सालों के निचले स्तरों में से एक है। इसका सीधा मतलब है कि शेयर अब पहले के मुकाबले सस्ते मिल रहे हैं। जब बाजार अपने ऐतिहासिक औसत से नीचे ट्रेड करता है, तो लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह एक मजबूत एंट्री पॉइंट बन सकता है।

### लंपसम निवेश सही फैसला?

अगर आपका निवेश नजरिया 3 से 5 साल या उससे ज्यादा का है, तो मौजूदा स्तर पर लंपसम निवेश फायदेमंद हो सकता है। बाजार में गिरावट के समय निवेश करने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि आपको अच्छे शेयर या फंड्स कम कीमत पर मिल जाते हैं। हालांकि, हर निवेशक के लिए एक ही रणनीति सही नहीं होती। बाजार में अभी भी अस्थिरता बनी हुई है, इसलिए पूरी रकम एक साथ लगाना जोखिम भरा हो सकता है।

### बैलेंस्ड अप्रोच अपनाएं

विशेषज्ञों का सुझाव है कि निवेशकों को "स्टैगर्ड" यानी चरणबद्ध निवेश की रणनीति अपनानी चाहिए। इसका मतलब है कुछ हिस्सा अभी निवेश करें। बाकी पैसा अगले 3–6 महीनों में धीरे-धीरे लगाएं। इस तरीके से आप बाजार के उतार-चढ़ाव का फायदा उठा सकते हैं और जोखिम भी कम कर सकते हैं।

### किन फंड्स में करें निवेश

- लंपसम निवेश के लिए एक्सपर्ट्स निम्न विकल्पों को बेहतर मानते हैं।
- लार्ज-कैप फंड्स: स्थिर और कम जोखिम वाले
- फ्लेक्सी-कैप फंड्स: अलग-अलग कैटेगरी में निवेश का फायदा
- मल्टी-कैप फंड्स: विविधता के साथ संतुलित रिटर्न
- मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में अभी भी कुछ हिस्सों में वैल्यूएशन ऊंचे हैं, इसलिए वहां थोड़ा सतर्क रहना जरूरी है।

### वैश्विक कारकों का असर

- बाजार की दिशा सिर्फ घरेलू कारकों से तय नहीं होती। अंतरराष्ट्रीय घटनाएं भी इसमें बड़ी भूमिका निभाती हैं। कच्चे तेल की कीमतें, वैश्विक युद्ध जैसी स्थितियां और आर्थिक नीतियां—ये सभी बाजार में अस्थिरता बढ़ा सकती हैं।
- ऐसे में निवेशकों को जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना चाहिए और लंबी अवधि के नजरिए के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### निवेश से पहले रखें ध्यान?

- अपनी जोखिम क्षमता को समझें
- निवेश का समय कम से कम 3–5 साल रखें
- एकमुश्त निवेश के साथ एसआईपी या एसटीपी का मिश्रण अपनाएं
- घबराकर बाजार से बाहर निकलने की गलती न करें

### लंपसम निवेश के फायदे

- गिरावट में सस्ते दाम पर निवेश
- लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न की संभावना
- कंपाउंडिंग का अधिक फायदा

### सावधानियां

- बाजार की अस्थिरता का जोखिम
- गलत समय पर पूरी रकम लगाने का खतरा
- मिड और स्मॉल कैप में सतर्कता जरूरी

### ऐसी हो स्मार्ट निवेश रणनीति

- 30–40% राशि अभी लगाएं
- बाकी को एसटीपी के जरिए धीरे-धीरे निवेश करें
- लार्ज और फ्लेक्सी कैप फंड्स पर फोकस रखें
- लंबी अवधि के लक्ष्य तय करें
- बाजार की खबरों से घबराएं नहीं

### गिरावट सुनहरा अवसर भी

शेयर बाजार की मौजूदा गिरावट डराने वाली जरूर है, लेकिन समझदार निवेशकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर भी हो सकती है। लंपसम निवेश फायदेमंद साबित हो सकता है, बशर्ते आप इसे सही रणनीति और धैर्य के साथ करें। याद रखें। बाजार में असली कमाई टाइमिंग से नहीं, बल्कि समय देने से होती है।

---

# पैसा बचाने से लेकर निवेश तक, अपनाएं ये स्मार्ट स्टेप्स

**सुझाव**

बिजनेस डेस्क

हर व्यक्ति चाहता है कि उसके पास पर्याप्त पैसा हो और भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित रहे। लेकिन सच्चाई यह है कि केवल ज्यादा कमाना ही अमीर बनने का रास्ता नहीं है। असली फर्क इस बात से पड़ता है कि आप अपनी कमाई को कैसे संभालते हैं—कितना बचाते हैं और कहां निवेश करते हैं। सही रणनीति और अनुशासन के साथ कोई भी व्यक्ति धीरे-धीरे एक मजबूत फाइनेंशियल फाउंडेशन तैयार कर सकता है। यहां हम आपको ऐसे 8 आसान लेकिन असरदार स्टेप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप न सिर्फ बचत बढ़ा सकते हैं, बल्कि समझदारी से निवेश कर भविष्य के लिए बड़ा फंड भी तैयार कर सकते हैं।

### 1. सबसे पहले लक्ष्य तय करें

बचत और निवेश की शुरुआत हमेशा एक स्पष्ट लक्ष्य से होनी चाहिए। सोचिए कि आपको पैसा किसलिए चाहिए—रिटायरमेंट, बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदना या आर्थिक स्वतंत्रता? जब आपका लक्ष्य तय होता है, तो आपकी बचत और निवेश को दिशा मिलती है। हर रुपये का उपयोग सोच-समझकर होता है और अनावश्यक खर्च अपने आप कम होने लगते हैं।

### 2. बजट बनाएं और खर्च नियंत्रित करें

हर महीने अपनी आय और खर्च का हिसाब रखें। इसके लिए आप 50-30-20 नियम अपना सकते हैं। इसमें 50% जरूरी खर्च (राशन, किराया, बिल), 30% इच्छाएं और 20% बचत और निवेश के लिए रख सकते हैं। यह तरीका आपको अनुशासित बनाता है और धीरे-धीरे आपकी बचत बढ़ने लगती है।

### 3. एसआईपी से निवेश की शुरुआत करें

सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान यानी हर महीने एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करना। यह निवेश का सबसे आसान और प्रभावी तरीका है। कोशिश करें कि सैलरी आते ही एसआईपी ऑटोमैटिक कट जाए।

### 4. लंबी अवधि के लिए सुरक्षित निवेश चुनें

एसआईपी के साथ-साथ लंबी अवधि के निवेश भी जरूरी हैं। इसके लिए आप पब्लिक प्रोविडेंट फंड, कर्मचारी भविष्य निधि और नेशनल पेंशन सिस्टम जैसी योजनाओं में निवेश कर सकते हैं। ये योजनाएं आपको रिटायरमेंट के लिए एक मजबूत फंड बनाने में मदद करती हैं और टैक्स बचत का फायदा भी देती हैं।

### 5. सिर्फ एफडी पर निर्भर न रहें

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी सुरक्षित जरूर है, लेकिन महंगाई को मात देने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। इसलिए अपने पोर्टफोलियो में इक्विटी म्यूचुअल फंड और इंडेक्स फंड भी शामिल करें। इससे आपको लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ती है।

### 6. कर्ज को प्राथमिकता से खत्म करें

अगर आपके ऊपर कोई लोन या क्रेडिट कार्ड का बकाया है, तो उसे जल्द से जल्द खत्म करने की कोशिश करें। कर्ज पर दिया जाने वाला ब्याज आपकी बचत को कम करता है। कर्ज से मुक्ति एक तरह की "गारंटीड बचत" होती है, क्योंकि इससे आपका पैसा बेवजह खर्च होने से बचता है।

### 7. इंश्योरेंस से सुरक्षा सुनिश्चित करें

आपकी मेहनत से बनाई गई बचत और निवेश को सुरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है। इसके लिए हेल्थ इंश्योरेंस, टर्म इंश्योरेंस जरूर लें। इससे किसी आपात स्थिति में आपकी आर्थिक स्थिति पर बड़ा असर नहीं पड़ता।

### 8. नियमित समीक्षा करें

हर साल अपने निवेश की समीक्षा करें। देखें कि कौन सा निवेश अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और कहां बदलाव की जरूरत है।साथ ही अपनी आय बढ़ाने पर भी ध्यान दें। नई स्किल सीखें, बेहतर अवसर तलाशें और वित्तीय ज्ञान बढ़ाएं। टैक्स बचाने के लिए आयकर की धारा 80सी जैसे विकल्पों का भी सही उपयोग करें।

### जल्दी पैसा इकट्ठा करने के टिप्स

-सैलरी आते ही पहले बचत, बाद में खर्च
-छोटी-छोटी बचत को नजरअंदाज न करें
-लंबी अवधि तक निवेश जारी रखें
-बाजार गिरने पर घबराएं नहीं

### पैसा जमा करना आदतों का खेल

पैसा जमा करना कोई जादू नहीं, बल्कि आदतों का खेल है। अगर आप सही समय पर सही कदम उठाते हैं, तो छोटी-छोटी बचत भी बड़े फंड में बदल सकती है। याद रखें अनुशासन, धैर्य और सही निवेश ही अमीरी की असली चाबी हैं।

---

# निवेश के लिए फ्लेक्सीकैप, मल्टी-एसेट फंड व गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में रहेगा बेहतर संतुलन

## म्यूचुअल फंड में दमदार रिटर्न के लिए बनाएं मल्टी-एसेट की रणनीति

**योजना**

बिजनेस डेस्क

नया वित्त वर्ष वित्त 27 करीब है और निवेशकों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है। इस अनिश्चित बाजार में पैसा कहां लगाया जाए? पिछले 18 महीनों में इक्विटी बाजार ने कभी तेज रफ्तार पकड़ी, तो कभी अचानक ब्रेक लगा दिए। ऐसे में अब एक्सपर्ट्स साफ कह रहे हैं कि सिंगल स्ट्रैटेजी का दौर खत्म हो चुका है। अब समय है मल्टी-एसेट अप्रोच अपनाने का, जिससे न सिर्फ बेहतर रिटर्न मिल सकता है, बल्कि जोखिम भी नियंत्रित रखा जा सकता है। निवेशक इस उलझन में हैं कि बाजार की मौजूदा स्थिति में अपना पैसा कहां लगाएं। बाजार विशेषज्ञों ने निवेशकों को एक मल्टी-एसेट रणनीति अपनाने की सलाह दी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, वित्त वर्ष 27 में बेहतर रिटर्न और जोखिम कम करने के लिए फ्लेक्सीकैप, मल्टीकैप और गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ का मिश्रण एक समझदारी भरा फैसला साबित हो सकता है।

### क्यों जरूरी है मल्टी-एसेट रणनीति

बाजार के उतार-चढ़ाव ने यह साफ कर दिया है कि केवल इक्विटी पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। जब शेयर बाजार गिरता है, तो पूरा पोर्टफोलियो प्रभावित होता है। ऐसे में अलग-अलग एसेट क्लास, इक्विटी, डेट और कमोडिटी-का संतुलन जरूरी हो जाता है। मल्टी-एसेट रणनीति का मूल सिद्धांत यही है। "सभी अंडे एक ही टोकरी में न रखें।

### फ्लेक्सीकैप और मल्टीकैप फंड

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वित्त वर्ष 27 के लिए फ्लेक्सीकैप और मल्टीकैप फंड सबसे मजबूत आधार साबित हो सकते हैं। इन फंड्स की खासियत यह है कि फंड मैनेजर बाजार की स्थिति के हिसाब से लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप स्टॉक्स में निवेश का अनुपात बदल सकते हैं। इसका फायदा यह होता है कि जब बाजार में किसी एक सेगमेंट में गिरावट आती है, तो दूसरा सेगमेंट पोर्टफोलियो को संतुलित रखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि पोर्टफोलियो का बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप ओरिएंटेड फंड्स में होना चाहिए, क्योंकि ये अपेक्षाकृत स्थिर और कम जोखिम वाले होते हैं।

### मिड और स्मॉल-कैप में क्यों जरूरी है सतर्कता

हालांकि मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में रिटर्न की संभावनाएं ज्यादा होती हैं, लेकिन जोखिम भी उतना ही अधिक होता है। हाल के समय में इन सेगमेंट्स में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। एक्सपर्ट्स की सलाह है कि इन फंड्स में सीमित निवेश करें। लंबी अवधि (5 साल या उससे ज्यादा) का नजरिया रखें। एकमुश्त बड़ी राशि लगाने से बचें। यानी "हाई रिटर्न" के लालच में जोखिम को नजरअंदाज करना नुकसानदायक हो सकता है।

### गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ

वैश्विक अनिश्चितताओं जैसे युद्ध, महंगाई या आर्थिक संकट के दौर में सोना हमेशा एक सुरक्षित निवेश माना गया है। सोना पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है, जबकि चांदी में ग्रोथ की संभावना अधिक होती है। एक्सपर्ट्स का सुझाव है कि कुल पोर्टफोलियो का करीब 10% हिस्सा गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ में जरूर होना चाहिए।



### हाइब्रिड और मल्टी-एसेट फंड

जो निवेशक ज्यादा जोखिम नहीं लेना चाहते, उनके लिए हाइब्रिड और मल्टी-एसेट फंड बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये फंड इक्विटी (शेयर बाजार), डेट (बॉन्ड्स), गोल्ड अच्छे विकल्प हैं। इससे अगर एक एसेट क्लास कमजोर पड़ता है, तो दूसरा उसे संभाल लेता है। यही कारण है कि ऐसे फंड्स को "ऑटोमैटिक बैलेंसिंग टूल" भी कहा जाता है।

### कैसे बनाएं स्मार्ट पोर्टफोलियो?

- 50–60%: फ्लेक्सीकैप/लार्ज-कैप/मल्टीकैप फंड
- 10–20%: मिड और स्मॉल-कैप (सीमित निवेश)
- 10%: गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ
- 10–20%: हाइब्रिड या डेट फंड

### निवेशकों के लिए जरूरी सीख

निवेश की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि आप कितना "डाइवर्सिफाइड" पोर्टफोलियो बनाते हैं। सिर्फ रिटर्न के पीछे भागने के बजाय जोखिम प्रबंधन पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। बाजार हमेशा एक दिशा में नहीं चलता। हर गिरावट एक अवसर भी हो सकती है। धैर्य और अनुशासन सबसे बड़ी ताकत हैं।

### मल्टी-एसेट मंत्र

- **डाइवर्सिफिकेशन जरूरी:** कभी भी निवेश के लिए एक ही एसेट पर निर्भर न रहें
- **फ्लेक्सीकैप को प्राथमिकता:** बाजार के हिसाब से बदलाव की सुविधा
- **मिड-स्मॉल कैप में सावधानी:** सीमित और लंबी अवधि का निवेश
- **गोल्ड ईटीएफ जरूर रखें :** अनिश्चितता में सुरक्षा
- **हाइब्रिड फंड अपनाएं:** जोखिम और रिटर्न का संतुलन बहुत जरूरी
- **नियमित समीक्षा:** हर 6–12 महीने में अपने बनाए हुए पोर्टफोलियो को जरूर जांचें

### क्या करें

- लक्ष्य आधारित निवेश करें
- एसआईपी और लंपसम का मिश्रण अपनाएं
- लंबी अवधि का नजरिया रखें

### क्या न करें

- बाजार गिरने पर घबराकर निवेश बंद न करें
- एक ही सेगमेंट में ज्यादा पैसा न लगाएं
- शॉर्ट-टर्म रिटर्न के चक्कर में जोखिम न बढ़ाएं

### संतुलन ही सफलता है।

फ्लेक्सीकैप, मल्टी-एसेट फंड और गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ का सही मिश्रण न सिर्फ आपके पोर्टफोलियो को सुरक्षित रखेगा, बल्कि लंबे समय में बेहतर रिटर्न की राह भी बनाएगा। याद रखें, बाजार का उतार-चढ़ाव कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन सही रणनीति के साथ आप हर दौर में अपने निवेश को मजबूत बना सकते हैं।







# श्याम मंदिर में मारवाड़ी महिलाओं ने किया गणगौर का विसर्जन

**मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने 16 दिन बाद ईसर-गौरा की पूजा करने के बाद शनिवार को श्रद्धा व उत्साह के साथ घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर जाकर विसर्जन किया। यहां श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा विसर्जन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समाज की महिलाओं ने बताया कि होली के बाद से गणगौर पूजा की जा रही थी। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि शनिवार को गणगौर व्रत रखा एवं सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा कर खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की। मान्यता है कि गणगौर व्रत के दिन मां पार्वती और शिवजी की आराधना करने से दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहती है। जीवन में सुख-शांति आती है।

## होली के बाद से शुरू हुई थी यह पूजा, चली पूरे 16 दिन तक



### हर साल रहेगा इंतजार

ग्रीन गार्डन उसलापुर निवासी आयुषि सुल्तानिया की भी यह पहली गणगौर पूजा थी। उन्होंने बताया कि इसके पहले वह इस पूजा को कभी नहीं की थी, इसलिए उसके लिए यह कुछ नया था, पर करने के बाद बहुत अच्छा लगा। सास संगीता सुल्तानिया के मार्गदर्शन में 16 दिन की पूजा कैसे निकल गई पता ही नहीं चला। वे इस पूजा को आगे भी करती रहेगी। हर साल उसे इस पूजा का इंतजार रहेगा।

## विसर्जन की रही पूरी व्यवस्था

श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई सालों से मंदिर परिसर में गणगौर का विसर्जन किया जा रहा है। इसके मद्देनजर हर साल श्याम मंदिर ट्रस्ट की ओर से विसर्जन के पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं। इस बार भी विसर्जन से पहले कुण्ड की साफ-सफाई कर उसमें शुद्ध पानी भरा गया था। विसर्जन के लिए आने वाली महिलाओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी समाज की व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ उत्साह से गणगौर लेकर बाजे-गाजे के साथ मंदिर पहुंचती हैं। इससे माहौल आध्यात्ममय बना रहता है। व्यवस्था के कार्य में अध्यक्ष श्री अग्रवाल सहित ट्रस्ट के न्यासी सीताराम जोशी, मनीष सोनी, भोला, दीपराज उपाध्याय सहित अन्य ट्रस्ट्रियों का सहयोग रहा।

## सुखी दांपत्य जीवन की हुई कामना



ओशीन अग्रवाल ने भी शादी के बाद पहली गणगौर पूजा की। उन्होंने बताया कि माता गौरा हर साल होली के बाद अपने पीहर आती हैं। यहां वे कुछ दिनों तक रह कर स्त्रियों के साथ सुख-दुख बांटती हैं। आठ दिन बाद भगवान शिव उन्हें वापस लेने आते हैं। फिर चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन माता गौरा की विदाई होती है। इस दौरान महिलाएं पूरे 16 दिनों तक गौरा-ईसर की पूजा कर सुहाग की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना करती हैं। गणगौर पूजने वालों में आशी, शिवानी, श्रेया, अजना, वंदना भी शामिल रहीं।

### पूजा को लेकर रही खुशी



राजकिशोर नगर की दीक्षा सराफ की यह पहली गणगौर पूजा थी। वे बताती हैं कि उसके मायके में गणगौर पूजा नहीं होती है पर इस पूजा के बारे में सुना था। ससुराल में इस पूजा को करने से बहुत अच्छा लग रहा है। सज-संवर कर पूरे 16 दिन गणगौर माता की पूजा कर पानी पिलाए। सुबह पूजा कर शाम को पानी पिलाने के बाद गणगौर का गीत गाते रहे। अंतिम दिन शनिवार को गणगौर की पूजा कर उसे विसर्जित की गई।



### विप्र फाउंडेशन ने किया विसर्जन

विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बिलासपुर व मारवाड़ी ब्राह्मण महिला समिति ने गणगौर का सिंधारा मना कर विसर्जन किया। अध्यक्षा कोमल संतोष शर्मा ने बताया कि गणगौर सिंजारा मुख्य गणगौर पूजा से एक दिन पहले चैत्र शुक्ल द्वितीया मनाया जाने वाला पारंपरिक त्यौहार है, जो विशेष रूप से नवविवाहितों के लिए है। इस दिन मायके से ससुराल में बहू को श्रृंगार की सामग्री, मेहंदी, वस्त्र, आभूषण और घेवर-मिठाई भेजी जाती है। यह सुहाग और वैवाहिक सुख का प्रतीक माना जाता है।





### भोग लगा, आरती कर सुनी गई कहानी

सुमंगल परिसर लिंक रोड निवासी चंचल अग्रवाल के यहां शनिवार को गणगौर पूजन कर समापन किया गया। ईसर-गौरा का दुबी से 16 बार पूजन कर हलवा, पुरी, खीर व फलों का भोग लगा, आरती कर कहानी सुनी गई। शाम को विसर्जन किया गया। इस मौके पर किरण, गीता, सविता, सुषमा, चंचल, अमृता, सरिता, प्रीति, शिवांगी, शिविका, सुमेधा, प्रीयल उपस्थित थीं।

शोभायात्रा

## सांई बाबा की मूल चरण पादुका का फूलों की वर्षा कर स्वागत



**बिलासपुर।** शिरडी वाले साईं बाबा के मूल चरण पादुका के बिलासपुर आगमन पर साईं भक्तों ने शहर की सीमा लाल खदान से उसलापुर तक आतिशबाज़ी एवं फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। पादुका तोरवा, भगतसिंह चौक, दयालबंद, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, सिटी कोतवाली चौक, गोल बाजार, सदर बाजार, करोना चौक, पं देवकीनंदन दीक्षित चौक, तिलक नगर, मुंगेली नाका, मंगला चौक होते हुए निकला। पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि अलका एवेन्यू कालोनी उसलापुर में सुबह 9 बजे श्री साईं बाबा की मूल चरण पादुका की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का भी साईं भक्तों ने स्वागत किया। दिन भर बिलासपुर, रायपुर, अभनपुर, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, सक्ती, कोरबा के साईं बाबा के भक्त दर्शनार्थ आते रहे। लगातार प्रसाद वितरण होता रहा। श्री सांई सच्चरित्र का पाठ सभी भक्तों ने क्रमवार किया। साईं बाबा की मध्यान आरती, श्री साईं लक्षार्चना एवं धूप आरती भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक की। साई संध्या में पद्मश्री मदन चौहान, बिलासपुर के सुप्रसिद्ध गायक पं अंचल शर्मा, ज्योति शर्मा के भजनों में भक्त झूमे। पद्मश्री मदन चौहान सहित श्री सांई बाबा की मूल चरण पादुका के साथ शिरडी से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के दिलीप पात्रीकर के मार्गदर्शन में नीरज मेहता, राजकुमार शुक्ल, शिवा मिश्र, अरविन्द बोलर, विरेन्द्र चौधरी, सुदेश दुबे साथी, संतोष गुप्ते, हर्ष मिश्र, पूर्व पार्षद रविन्द्र सिंह, पार्षद महेश चन्द्रिकापुरे, बबलू मदने, रतीश श्रीवास्तव सहित अन्य भक्तों का सहयोग रहा।

कार्नर न्यूज

## नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा के रूप में की गई पूजा

**बिलासपुर।** श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सरकंडा सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा के रूप में देवी की पूजा की गई। पीतांबरा पीठ में चैत्र वासंतिक नवरात्र पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का श्रद्धालु, भक्त श्रवण लाभ ले रहे हैं।

ब्रह्मलीन पूज्य श्री 108 स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज के दिव्य आशीर्वाद और पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में कथा व्यास आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी' राजपुरोहित' कटघोरा-कोरबा ने कथा में जीवन के सबसे कठिन संघर्षों से बाहर निकलने का मार्ग बताया। कथा का मुख्य केंद्र अयोध्या के राजकुमार सुदर्शन का चरित्र था। आचार्य ने बताया कि जब मनुष्य के पास कोई सहारा नहीं होता, तब केवल 'आद्याशक्ति' ही उसकी रक्षा करती हैं। सुदर्शन ने वन में रहते हुए अनजाने में ही बीजमंत्र 'क्लीं' का श्रवण किया और उसका निरंतर जाप प्रारंभ किया। उनकी इस अनन्य भक्ति से प्रसन्न होकर साक्षात जगदम्बा प्रकट हुईं और उन्हें 'अजेय धनुष' और 'अक्षय तरकश' प्रदान किया। यह प्रसंग सिद्ध करता है कि मंत्र की शक्ति और माता की कृपा से एक निर्बल बालक भी चक्रवर्ती सम्राट बन सकता है।





### पीतांबरा पीठ में भागवत कथा का श्रद्धालु ले रहे श्रवण लाभ

### बह रही अनुष्ठानों की अविरल धारा

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के नेतृत्व में मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों की अविरल धारा बह रही है। प्रतिदिन ब्रह्ममुहूर्त में श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक हो रहा है। श्री महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का श्रीसूक्त के दिव्य मंत्रों द्वारा दुग्धाभिषेक किया जा रहा है। पीताम्बरा पीठ में अधिष्ठात्री देवी मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न स्वरूपों में दिव्य श्रृंगार किया जा रहा है।

### रामा वर्ल्ड में निकाली जा रही प्रभात फेरी

रामा वर्ल्ड कॉलोनी में मां भगवती की आराधना का पर्व नवरात्रि में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। कीर्तन, सत्संग से कालोनी में भक्तिमय वातावरण है। कॉलोनी के मंदिर में प्रातः मां भगवती का दर्शन, पूजन एवं मंगलवार को साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया।





## ब्राह्मण मातृ शक्ति परिषद् ने की देवी आराधना

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् बिलासपुर ने शनिवार को चैत्र नवरात्रि की तृतीया तिथि पर सरोज तिवारी के सहयोग से बंगाली पारा सरकंडा में भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया। संगठन की जिला सचिव अंजू शर्मा ने बताया कि महिलाओं ने समूह में जस गीत गाकर मां भगवती की महिमा का गुणगान किया। वहीं लगातार जयकारे गूंजते रहे। संगठन की जिलाध्यक्ष रमा दीवान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त करना है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। ऐसे आयोजन से समाज में एकता, सहयोग और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है। अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भगवती दुबे, किरण शर्मा, शीलू द्विवेदी, मीना तिवारी, मनीषा शर्मा, जया शुक्ला, इंदु दीवान, चंद्रकांता गौरहा, पुष्पा दुबे, शशि द्विवेदी, माया दुबे, वंदना शर्मा, संजू पांडेय, वंदना मिश्रा, स्वाति दीवान, बीना दुबे, सीमा, लता शर्मा, उर्वशी, किरण शर्मा सहित अन्य बहनें उपस्थित थीं।

### माता की चौकी, भजन संध्या ने बनाया माहौल

नवरात्रि पर लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा की सदस्य मंजू मिश्रा ने अपने घर पर माता की चौकी, देवी भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, रेखा गुल्ला, मंजुला शिंदे, पीएमजेएफ संजना मिश्रा, एमजेएफ किरण बाजपेई, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, शोभा त्रिपाठी, उषा मुदलियार, मंगला कदम, सावित्री जायसवाल, मंजू तिवारी, प्रथम उपाध्यक्ष मंगला देवरस, चांदनी सक्सेना, हंसा सेलारका, सीता तिवारी, शारदा कश्यप, अर्चना शुक्ला, प्रेमलता दुबे, संतोष सराफ ने भाग लिया। देवी भजन गीत में मीनू दुबे, सुमन अवस्थी, राजेश्वरी की सहभागिता रही। मंजू मिश्रा ने सभी को रिटर्न गिफ्ट देकर अध्यक्ष, सचिव का सम्मान किया। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं एवं मातृशक्तियों ने देवी आराधना, आरती, पूजा कर प्रसाद वितरण किया।

## खबर संक्षेप

### तिफरा यदुनंदन नगर में हास्य कवि सम्मेलन आज

बिलासपुर। तिफरा के यदुनंदन नगर में 22 मार्च रविवार को शाम 7 बजे सेफागुन महोत्सव प्रथम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विराट हास्य कवि सम्मेलन व विशिष्ट सम्मान समारोह के कार्यक्रम होंगे। मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक होंगे। कवियों में मीर अली मीर, बंशीधर मिश्रा,कृष्णा भारती, शिवकांत मिश्र विद्रोही, राजेंद्र मौर्य रहेंगे। यह जानकारी आयोजक रविन्द्र पाटनवार,नीरज यादव व संयोजक डा जमुना कौशिक ने दी।

### भोजपुरी भवन, इमलीपारा में होली मिलन समारोह आज

बिलासपुर। राजेन्द्र प्रसाद भोजपुरी भवन, इमलीपारा में 22 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से रात 8.30 बजे तक होगा। समारोह के मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला होंगे। कार्यक्रम में भोजपुरी के मशहूर गायक मंटू गिरी जी (आरा ) अपनी पूरी टीम के साथ होली फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे। यह जानकारी विजय ओझा ने दी।

### शिक्षकों के क्रमोउन्नति व समय वेतनमान लंबित होने पर कार्रवाई की मांग



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक 21 मार्च को कर्मचारी भवन में आयोजित की गई। इसमें शिक्षा विभाग के विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। जिले के तखतपुर में अन्य विकास खंडों के शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों के क्रमोउन्नति एवं समय वेतनमान लंबित होने पर शीघ्र कार्रवाई करने तथा भविष्य में यदि टेट परीक्षा ली जाती है तो विभाग के द्वारा परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई। आज की बैठक में संघ के प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा, महामंत्री हिमांचल साहू, जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा, रामकुमार यादव, राजेश वस्त्रकार, श्याम उरांव, मतीना बंजारे, नलनी साहू ,प्रतिभा ठाकुर, संतोषी यादव ,ज्योति पाल, आरती राजपूत, विभूति शर्मा, ज्योति कौशिक, प्रशांत शर्मा, संध्या जायसवाल आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिक्षक संगठनों ने दिल्ली प्रस्थान के लिए बनाई रणनीति



बिलासपुर। दिल्ली प्रस्थान के लिए सभी शिक्षक संगठनों की बैठक कोन्हेर गार्डन में 21 मार्च को आयोजित की गई। जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों के हितों एवं लंबित मांगों के निराकरण के लिए 4 अप्रैल को दिल्ली चलो आंदोलन में जिले से अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। संगठनों के जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने टीईटी परीक्षा से जुड़ी समस्याओं एवं अन्य शैक्षणिक मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का संकल्प लिया। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर बैठक कर अधिकतम शिक्षकों को जोड़ा जाएगा। बैठक में रंजीत बनर्जी, अश्वनी कुर्रे , विरेन्द्र यादव, चन्द प्रकाश, प्रदीप पांडेय, रोहन शर्मा, सुनील पाण्डेय,आभास श्रीवास,विकास कारवार, रविंद्र खुट्टे , अजित कुजुर ,ढोलालाल पटेल, दशमंत जशवाल, इन्द्रमन मरावी, देवेन्द्र साहू, अनिमेष दीक्षित, संजय यादव, मनोज महेश्वरी, कृष्णा कौशिक, मोहन यादव आदि मौजूद थे।

### हिंदू नव वर्ष पर बरई चौरसिया समाज की महिला मंडल ने किया प्रसाद वितरण



बिलासपुर। हिंदू नव वर्ष पर बरई चौरसिया समाज की महिला मंडल ने नववर्ष पर निकाली गई। शोभायात्रा का हटरी चौक के पास स्टाल लगाकर भोग वितरण किया गया। इसके तहत 70 किलो चना 10 किलो बूंदी 5 किलो अंगूर तथा 10 दर्जन केला, 36 बोरी पानी पाउच का वितरण भक्तों को किया गया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ सहयोग दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राम जी लाल, जयंती थवाइत, आनंद तंबोली, राजेश तंबोली, राकेश तंबोली, दत्तात्रेय तंबोली, ईश्वर तंबोली, अमित तंबोली, श्रीकांत, संजय, राजू थवाइत ने उत्साह के साथ प्रसाद वितरण किया। महिला सदस्यों में अर्चना तंबोली, सुषमा तंबोली, रंजीता तंबोली, जयसी तंबोली, अंजनी प्रधान, मधुलिका तंबोली, डॉ श्रुति थवाइत, शैल चौरसिया, अनीता राजू थवाइत, नंदनी, किरण, नीलू थवाइत, सरोज, विद्या थवाइत एवं प्रीति थवाइत, रेखा थवाइत, मोनिका थवाइत, अमिता थवाइत, रजनी तंबोली, अनीता तंबोली, प्रतिमा, संजू, चंदा, सुनीता चौरसिया आदि का योगदान रहा।

### पंचायत प्रतिनिधियों के 1142 पद रिक्त उप चुनाव लिए शुरू होगा पुनरीक्षण कार्य

बिलासपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद फिर से कुछ पंचायत प्रतिनिधियों के पद रिक्त हो गए हैं। पंच, सरपंच व जनपद सदस्यों के पूरे छत्तीसगढ़ में 1142 पद रिक्त हैं, जिनके लिए उप चुनाव होना है। उप चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। बिलासपुर जिले में भी एक सरपंच और 13 पंचों के पद रिक्त हैं। पंचायत उप चुनाव के पहले राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम जारी किया गया है उसके अनुसार 23 मार्च को रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी और 13 अप्रैल को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, उसके बाद दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 मई को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों से त्रिस्तरीय पंचायत रिक्त पदों की जानकारी मंगाई थी जो आयोग को प्राप्त हो गई है। इसके अनुसार प्रदेशभर में पंच के 1058 पद और सरपंच के 78 पद रिक्त हैं जबकि जनपद सदस्य के भी 8 पद खाली हो गए हैं। इनमें से कुछ पद चुनाव के समय नाम निर्देशन नहीं आने के कारण तो कुछ पद चुनाव के बाद विभिन्न वजह से खाली हो गए हैं, जिनके लिए अब उप चुनाव होना है। बिलासपुर जिले में भी बिल्हा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर में सरपंच का पद रिक्त रह गया है। बताया जा रहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन दौरान सरपंच का पद अजा महिला के लिए आरक्षित था।

---

**सिम्स के ईएनटी वार्ड को अत्याधुनिक बनाने की पहल** | **सालों से मशीनों की कमी से जुझ रहा था सिम्स**

# ईएनटी ओपीडी यूनिट से मरीजों का इलाज शुरू, मिनटों में पता चलेगी बीमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सिम्स अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनों से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। काफी सालों से ईएनटी विभाग में ओपीडी यूनिट की जरूरत रही है, लेकिन बजट की कमी के चलते विभाग को मशीनें उपलब्ध नहीं हो पा रही थीं।

हाल ही में अधीक्षक डॉ लखन सिंह के द्वारा समस्याओं को देखते हुए ईएनटी ओपीडी यूनिट मशीन का इंस्टालेशन कराया है। अब इस मशीन के सहारे नाक, कान और गले के रोगों का त्वरित जांच की जा सकेगी और इलाज में गुणवोत्तर सुधार किया जा सकेगा। एम्स की तरह सही सिम्स में भी अब ईएनटी की जांच अब अत्याधुनिक मशीनों से की जाएगी। सिम्स में हाल ही में ओपीडी यूनिट लगाई गई है। इस मशीन के द्वारा नाक, कान और गले की बीमारियों का सफल इलाज किया जा सकेगा। खास बात यह है कि इसके लिए मरीजों को माइनर ओटी जाने की जरूत नहीं पड़ेगी, सीधे ओपीडी में ही उनकी मशीनों के द्वारा नाक, कान और गले के अंदर हो रही परेशानियों को देखा जा सकेगा, वहीं ओपीडी में बैठे डाक्टर के साथ ही मरीज और उनके परिजनों को भी बीमारी से अवगत कराया जा सकेगा। अत्याधुनिक मशीन में ओटी की तरह ही सेक्शन, आधूनिक कैमरा, व्यू बाक्स मौजूद है, जिससे मशीन अच्छी विजुअल दे सकती है। गले के टिश्यू, कान के परदे, नाक में इंफेक्शन या अन्य बीमारी को ओपीडी में बैठे डाक्टर तत्काल देख सही इलाज कर सकेंगे।

### रोजाना 200 से अधिक पहुंचते हैं सिम्स

ईएनटी विभाग के डॉ विद्या भूषण साहू ने बताया कि सिम्स में रोजाना 200 से अधिक मरीज कान,नाक, गले के इलाज के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान उनको डाग्नोस करने में हमें दिक्कत होती रही है। कई बार उन्हें आपरेशन थिएटर तक ले जाना पड़ता है और सिटी स्कैन तक कराना पड़ता है, इसमें कमी आएगी। वर्तमान में विभाग को मिली मशीन पूरी तरह से अत्याधुनिक है, जिससे ओपीडी में सरलता से ही गले, कान और नाक के अंदर मौजूद दिक्कतों को देखा जा सकता है। यह मरीजों को भी दिखाया जा सकेगा, जिससे इलाज में पारदर्शिता बढ़ी है।

### इलाज की बढ़ेगी गुणवत्ता

एम्स में इस तरह की सुविधा है। ईएनटी विभाग के डाक्टरों ने कई बार मुझे इस मशीनों के बारे में कहा था, मरीजों का इलाज बेहतर हो सके, इसके लिए मशीन लगाई गई है। इसे आपरेट करना आसन है और हमारे डाक्टर पूरी तरह से प्रशिक्षित है। इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी।

-डॉ लखन सिंह
अधीक्षक, सिम्स

---

## एक-दूसरे से गले मिलकर दी बधाई

# चांद नजर आया, अकीदत के साथ मनी ईद, मांगी अमन चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शुक्रवार की शाम चांद नजर आने के बाद दूसरे दिन यानि शनिवार को अकीदत के साथ ईद का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान मस्जिदों में नमाज अता कर अमन चैन की दुआ मांगी गई। साथ ही सभी घरों में सेवाईयां बनाकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी गई। 30 दिन के रमजान में रोजा रखने के बाद शनिवार को शहर और ग्रामीण एरिया में धूमधाम से ईद मनाई गई।

ईद का त्यौहार मनाने के लिए सबसे अधिक खुशियां बच्चों के चेहरों पर दिखाई दी। त्यौहार मनाने के लिए बच्चों के साथ बड़ों ने भी बाजार से नए कपड़ों के साथ सेवाईयां व अन्य खाने-पीने के सामानों की खरीदी पहले ही कर ली थी। चांद दिखने के बाद सभी ने रमजान के साथ ईद के त्यौहार की बधाई देना शुरु कर दिया। शनिवार की सुबह 8 बजे ईद की नमाज ईदगाह में अता की गई। इसके बाद सुबह 8.30 बजे चांटापारा जमा मस्जिद में, सुबह 8.15 बजे तालापारा के ताज मस्जिद में, भारतीय नगर के तैय्यब मस्जिद में, 8.30 बजे जूनी लाइन के अकबरी मस्जिद में, यदुनंदन नगर के सफा मस्जिद में, मंगला के अक्सा मस्जिद में, सुबह 8.20 बजे बशीर काम्पलेक्स के रहमानिया मस्जिद में, कोनी के मस्जिद बिलाल में और रेलवे ग्राउंड में नमाज अता की गई। नमाज के बाद सभी मरीमाई स्थित कब्रिस्तान पहुंचे, जहां से वापस घर आने के बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी।



# समर शेड्यूल जारी करने में अलाइंस एयर कर रहा कोताही

बिलासपुर। विंटर शेड्यूल 28 मार्च को खत्म हो रहा है, लेकिन अलायंस एयर ने अभी भी समर शेड्यूल के सभी फ्लाइटों की सूची जारी नहीं की है। ऐसे में गर्मियों में उड़ान भरने वाली फ्लाइटों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन 6 - 6 महीने के लिए विंटर और समर शेड्यूल में घोषित किया जाता है। समर शेड्यूल 28 मार्च से लागू होगा लेकिन अलायंय एयर कंपनी ने शेड्यूल की फ्लाइट का एनाउंसमेंट नहीं किया है हालांकि एयरलाइन्स कंपनी की साइट पर कई फ्लाइट बंद है। अब एयरलाइन्स कंपनी द्वारा नया और बेहतर समर शेड्यूल करने की बात कही गई है लेकिन विंटर शेड्यूल महज 5 दिन शेष होने के बाद भी शेड्यूल की उम्मीद की जा रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के घरने में रामशरण यादव, बद्री यादव,संतोष पीपलवा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे टाटा, अनिल गुलहरे, प्रतीक तिवारी, विभूतिभूषण गौतम, मनोज तिवारी,मोहसिन अली, कृष्ण मुरारी दुबे, अकील अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने वृद्धाश्रम में लगाया शिविर



बिलासपुर। स्वयंसिद्धा फाउंडेशन द्वारा कल्याणकुंज वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आश्रम में कुछ समस्याएं सुनने को मिली है उसका निदान तुरंत किया जाएगा। इस दौरान निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर शिव बनर्जी, डॉ बीपी सिंह, सुभाष अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, एसपी चतुर्वेदी, अनिल टाह, पार्षद अमित तिवारी आदि मौजूद थे। शिविर में ब्लड प्रेशर , शुगर लेवल, आँखों की जाँच थी,स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत संस्था द्वारा बुजुर्गों को आवश्यक दवाइयाँ, आई ड्रॉप, चश्मा निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा, फाउंडेशन के सचिव नवीन चंद्र दुबे ने बताया कि सभी पर्व में फाउंडेशन द्वारा वृद्ध आश्रम आकर पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है, इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापिका का ऋतू साहू, श्वेता सिंह प्रियंक सराफ, आदर्श सराफ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ बीपी सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# फूड सेफ्टी विभाग ने किया वाटर प्लांट का निरीक्षण



बिलासपुर। नवरात्रि व गर्मी के मौसम को देखते हुए फूड सेफ्टी विभाग लगातार जांच कर रहा है। अभिहित अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी क्षीर सागर पटेल,अविषा मरावी, प्रतीक तिवारी की टीम ने 3 वाटर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान बोटलों का नमूना लिया गया है।

विभाग द्वारा गंगोत्री सीपत के मिनरल एंड वाटर प्लांट से पानी बोटल का विधिक नमूना लिया गया साथ ही 210 पेटी (प्रत्येक 12 नग) 1 लीटर पानी बोटल, 250 एमएल पानी बोटल (3030 नग) एवं 250 एमएल पानी पाउच (29100 नग) को मिथ्याछाप होने की वजह से सीज किया गया। 2 अन्य फर्मों को सुधार सूचना भेजा गया साथ ही त्योहारों को देखते हुए सेवई, साबूदाना,अरहर, चना,दाल का नमूना लिया गया। खास बात यह है कि रतनपुर के मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं को सही एवं सुरक्षित प्रसाद व भोजन मिल सके इसके लिए भोजन प्रसाद कक्ष का निरीक्षण कर भोग सर्टिफिकेट के लिए खाद्य पदार्थों का नमूना लेकर जांच हेतु भेजा गया। मंदिर के बाहर लगे हुए ठेले, गुमटियों की जांच की गई है। अखाद्य रंग वाले चाट को नष्ट कराकर खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने खाद्य फर्म मेलोडी आइसक्रीम का निरीक्षण कर आइसक्रीम का नमूना लेकर जांच के लिए भेज दिया है। साथ ही अशोक नगर के सीमा बेवरेजेस अशोक नगर से 77 पेटी पानी का फर्जी ब्रांड, एक्सपाइरी तिथि नहीं होने की वजह से जब्त किया गया और नमूना लेकर जांच लैब भेज दिया गया है।

### सिम्स कोनी में मधुमेह जांच शिविर 27 से

बिलासपुर। कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल सिम्स कोनी में 27 मार्च से तीन दिवसीय निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हास्पिटल के संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि छग राज्य के मरीजों के हित के लिए यह शिविर लगाया जरा है। उन्होंने डायबिटीज पीड़ित मरीजों से इस शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया है। अधीक्षक ने बताया कि मरीजो की सुविधा के लिए यहां समय-समय पर विभिन्न रोगों के इलाज के लिए श




## खबर संक्षेप

### झांसा देकर 2 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 2 लाख की ठगी करने वाले जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 16 फरवरी 2026 को अंजना फ्रासिंस पति अजय फ्रासिंस ने रिपोर्ट लिखाई। रायपुर गुढ़ियारी शिवानंद नगर वृंदावन कालोनी गोविंद कुमार पिता रूकधर कुमार 32 साल ने उन्हें शेयर मार्केट में पैसा लगाने पर डबल मुनाफा कमाने का भरोसा दिलाया और 4 किश्तों में 2 लाख रुपए ले लिया, अब वह रुपए वापस नहीं कर रहा है। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल के निर्देश पर पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी हुई थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी गोविंद कुमार रायपुर में है। पुलिस टीम ने रायपुर में दबिश देकर आरोपी गोविंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिक्षिका व सहेली को पीटा, युवक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जमानत में छूटने के बाद युवक ने सरेराह शिक्षिका व उसकी सहेली के साथ गाली



गलौज कर जमकर मारपीट की है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक शिक्षिका ने 3 साल पूर्व राघव सिंह के खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट लिखाई थी। राघव सिंह के द्वारा शादी करने का वादा कर न्यायालय में बयान बदलवा लिया था, जिससे उसे जमानत मिली गई थी। 20 मार्च को शिक्षिका ने अपनी सहेली के साथ राघव सिंह के आफिस जाकर कहा कि बयान बदलवाकर जमानत में छूटने के बाद शादी क्यों नहीं कर रहा है, इस पर युवक अमेरी रोड भार्गव हास्पिटल के सामने गाली गलौज कर उनके साथ मारपीट करने लगा। उनकी सहेली ने बीच बचाव कि तो उनके साथ भी जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने शिक्षिका की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### होटल संचालक की जमकर पिटाई

**बिलासपुर।** छेड़खानी का आरोप लगाकर होटल संचालक को बस से उतार लिया गया और चाकू दिखाकर जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सकरी पुलिस के अनुसार, तखतपुर निवासी अजय देवांगन पिता लखनलाल देवांगन ने रिपोर्ट लिखाई कि वे सकरी में होटल चलाते हैं। 19 मार्च की रात 8.45 बजे वे होटल बंद कर बस से घर जा रहे थे। सकरी थाना के आगे दो लड़के बस में चढ़े और उनके पास पहुंचकर उन्हें दोस्त की पत्नी से छेड़खानी किए हो कहते साथ चलने को कहने लगे। युवकों ने सकरी ओवर ब्रिज के पास उन्हें बस से नीचे उतार लिया। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक आया। वे उन्हें उक्त बाइक में बैठाकर जाने लगे। इसी दौरान एक युवक ने मोबाइल मांगकर स्विच आफ कर चाकू दिखाकर शांत बैठने को कहा। वे उन्हें पास के गांव के तालाब के पास लेकर गए। इसी दौरान अमित बृजवाल अपने दोस्तों के साथ आया और छेड़खानी करने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट की। उसके बाद उन्हें खम्हरिया ले जाकर मारपीट की गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अमित बृजवाल व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**जनगणना का पहला चरण मई से सितंबर 2026 तक** | बोर्ड और उच्च कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए प्राथमिक शिक्षक ही करेंगे पूरा फील्ड वर्क

# जनगणना में लगेगी प्राइमरी के 53 हजार शिक्षकों की ड्यूटी, स्कूलों की पढ़ाई होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के 30 हजार से अधिक सरकारी प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 31 लाख से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई अगले शैक्षणिक सत्र में प्रभावित हो सकती है। इसकी वजह है करीब 53 हजार प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी राष्ट्रीय महत्व की जनगणना प्रक्रिया में लगाई जाएगी। ध्यान रहे कि जनगणना का पहला चरण मई से सितंबर 2026 तक और दूसरा चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा।

जनगणना निदेशालय ने बोर्ड और उच्च कक्षाओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसलिए मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षकों को ही फील्ड वर्क में लगाने का फैसला किया है। प्रशासन का तर्क है कि मई तक



वार्षिक परीक्षाएं खत्म हो जाती हैं। इसलिए मौजूदा सत्र पर असर नहीं पड़ेगा। हालांकि हकीकत यह है कि नए सत्र की शुरुआत में ही बड़ी संख्या में शिक्षक जनगणना कार्य में व्यस्त रहेंगे। इससे कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की बुनियादी पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है।

### क्लस्टर मॉडल, डिजिटल कंटेंट के जरिए होगी पढ़ाई

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पालकों को बच्चों की पढ़ाई पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा। घर पर नियमित अभ्यास, होमवर्क की निगरानी और बुनियादी विषयों - हिंदी, अंग्रेजी और गणित की पुनरावृत्ति बच्चों की सीखने की निरंतरता बनाए रखनी होगी। जरूरत पड़ने पर सामुदायिक अध्ययन समूह या ट्यूशन का सहारा भी लिया जा सकता है। शिक्षा विभाग स्तर पर यह संभावना भी देखी जा रही है कि जहां शिक्षक संख्या बेहद कम है, वहां क्लस्टर मॉडल, अतिथि शिक्षक या डिजिटल कंटेंट के जरिए पढ़ाई जारी रखी जाए। कुछ जिलों में पहले से चल रहे 'रीडिंग कैंप' और 'लर्निंग एन्हांसमेंट' कार्यक्रमों को भी मजबूत किया जा सकता है।

### जहां एक या दो शिक्षक ही पदस्थ वहां अधिक होगी समस्या

सबसे अधिक समस्या उन स्कूलों में होगी जहां एक या दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। उनके जनगणना में जाने से मल्टीग्रेड क्लास की स्थिति बन सकती है। अतिथि शिक्षकों या अस्थायी व्यवस्था पर निर्भरता बढ़ सकती है। शुरुआती महीनों में पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव बढ़ेगा। इसका असर वार्षिक परिणामों पर भी दिख सकता है। उधर जनगणना विभाग का कहना है कि बोर्ड और बड़ी कक्षाओं के बच्चे प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि जनगणना शुरू होने के समय स्कूलों में परीक्षा खत्म हो चुकी होगी। इसलिए चालू सत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। अगला सत्र आंशिक प्रभावित होगा। कोशिश है कि बोर्ड और बड़े क्लास के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित ना हो। इसलिए प्राइमरी टीचर्स की ड्यूटी जनगणना में लगाने का निर्णय लिया गया है।

### पर्यवेक्षक जनगणना के लिए ट्रेनिंग शुरू

ध्यान रहे कि 10 हजार प्रर्यवेक्षक जनगणना के लिए ट्रेनिंग शुरू हो रही है। पहले चरण में जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ के दो नेशनल ट्रेनर 60 मास्टर ट्रेनर्स को ट्रेनिंग देंगे। 60 मास्टर ट्रेनर्स में से 13 जनगणना निदेशालय के अधिकारी होंगे जबकि 47 राज्य सरकार (एसटीएम, तहसीलदार) के होंगे। यह60 मास्टर ट्रेनर 1100 फील्ड ट्रेनरों को ट्रेनिंग देंगे। ये सभी राज्य सरकार के आला अधिकारी होंगे। इसके साथ ही 100 फील्ड ट्रेनर 53000 प्रगणकों (प्राइमरी टीचर्स) और 10000 पर्यवेक्षकों (सरकारी कर्मचारी) को ट्रेनिंग देंगे। प्रगणक मुख्य रूप से प्राइमरी टीचर्स ही होंगे।

### पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी

बोर्ड और बड़ी कक्षाओं के बच्चे प्रभावित नहीं होंगे क्योंकि जनगणना शुरू होने के समय स्कूलों में परीक्षा खत्म हो चुकी होगी। इसलिए चालू सत्र में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। अगला सत्र आंशिक प्रभावित होगा। कोशिश है कि बोर्ड और बड़े क्लास के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसलिए प्राइमरी टीचर्स की ड्यूटी जनगणना में लगाने का निर्णय लिया गया है।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

इंदिरा विहार सबस्टेशन में लगी आग, समय रहते पाया काबू

# सालों से मेंटनेंस नहीं, सबस्टेशन में लगी आग, घंटों बंद रही बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग के सब स्टेशनों के मेंटनेंस के लिए हर साल बड़ा बजट खर्च हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद जिले में सबस्टेशन की हालत खराब है। शनिवार की सुबह 11 बजे इंदिरा विहार सबस्टेशन में अचानक जम्पर खराब हो गया, बायपास कर चल रहे बिजली तारों में चिंगारी निकलने लगी, देखते ही देखते एबी स्विच के साथ लगे केबल जलने लगे और सबस्टेशन के आसपास झाड़ियों में आग फैल गई। आपरेटर की सजगता से आग पर काबू पा लिया गया।

- बड़ा हादसा टला, स्विच फटने से कालोनी में गूंजी आवाज

इंदिरा विहार के 500 एमवीए के 33/11 केवी सबस्टेशन में सुबह 11 बजे अचानक आग लग गई। आग बिजली के तारों के साथ ही सबस्टेशन में फैली झांड़ियों में भी लगी, हादसे का कारण बायपास कर चल रहे 11 केवी केबल है। आग लगने के कारण एबी स्विच फट गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ। इस दौरान कालोनी के लोगों ने भी आवाज सुनी। बिजली विभाग का यह सबस्टेशन पूरी तरह से खस्ताहाल है, यहां सालों से मेंटनेंस नहीं किया है। सबस्टेशन में अंदर पेड़ और झांड़ियां लग चुकी हैं। चारों ओर बदहाली ही नजर आ रही है, लेकिन सबस्टेशन में झांकने के लिए अधिकारी पहुंचते तक नहीं है। इस सबस्टेशन का जिम्मा एचटी मेंटनेंस के पास है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण मेंटनेस बंद है। आपरेटर की सगजगता के कारण आग पर काबू पा लिया गया है। अगर आग तेजी से फैलने लगती तो उसे सबस्टेशन को बचा पाना मुश्किल था। वहीं सबस्टेशन के चारों ओर कालोनी की ही रिहायशी मकान भी हैं, जिससे खतरा बड़ा हो सकता था।

### आग बुझाने का इंतजाम तक नहीं

करोड़ों की लागत से बनाए गए सबस्टेशनों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। आग से बचाव व जीवन रक्षा के लिए सबस्टेशनों में सुरक्षा के इंतजाम तक नहीं है। सबस्टेशन में रेत से भरी बाल्टी तक मौजूद नहीं है। वहीं फायर गैस सिलेंडर गायब है। पिछले माह ही मोपका में भी भीषण आग लग चुकी है, इसके बावजूद विभाग के अधिकारी सबक नहीं ले रहे हैं।

### 3 फीडरों को मिलती है बिजली

इंदिरा विहार सबस्टेशन से 3 फीडरों को बिजली सप्लाई की जाती है। इंदिरा विहार, बंधवापारा, नूतन चौक जैसे फीडर को मिलाकर करीब 7 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई की जाती है। शुक्रवार को लगी आग के कारण सुबह 11 से 4 बजे तक बिजली बंद रही। इस दौरान लोगों को गर्मी ने बेहाल कर दिया।

### ठेके के भरोसे मेंटनेंस

खास बात यह है कि सबस्टेशन में मेंटनेंस का ठेका किया जाता है, लेकिन हर बार ठेकेदार पैसे बचाने के लिए सबस्टेशनों में मजदूर तक नहीं लगाता है, शहर के बीच बनाए गए एक दो सबस्टेशन को छोड़ ज्यादातर सबस्टेशनों में मेंटनेंस के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। यही कारण है कि हर बार सबस्टेशन में आग लगने की नौबत आ रही है, बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### कोई नुकसान नहीं हुआ

साफ सफाई का जिम्मा ठेके पर है। इस बारे में उन्हें कहा गया था लेकिन देरी कर दी गई है। जम्पर कटने के कारण आग लगी थी, कोई नुकसान होने वाली बात नहीं है, लेकिन जम्पर बनाने में समय लगा है, जिससे सप्लाई देरी से शुरू हो सकी है।

-संचारी सिंह, एई, मेंटनेंस

# कचरे में लगी आग की चपेट में आने से खड़ी दो कार जली



आग की चपेट मे आकर धूं-धूं कर जलती कार।

**बिलासपुर।** कचरे में आग लगने से पास में खड़ी दो कार आग की चपेट में आ गई। टायर फूटने की आवाज से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोग बाहर निकलकर देखे तो दो कार भीषण आग की चपेट में आकर जल रही थी। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नूतन चौक मौसाजी शोरूम के पीछे दैहानपारा मेघनाथ नगर निवासी माधव सिंह ठाकुर अपनी स्विफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 10 एपी, 9946 व गायत्री कुमारी कश्यप अपनी



आई 10 क्रमांक सीजी 10 बीई, 6619 को खाली स्थान पर खड़े किए थे। वहीं पास घरों से निकलने वाले कचरा, गन्ना व नारियल का छिलके के ढेर लगे थे। शनिवार को दोपहर में किसी ने कचरे में आग लगा दिया। गन्ने व नारियल का छिल्का होने से आग ने भीषण रूप ले लिया और पास में खड़ी दोनों कार आग की चपेट में आ गए। दोनों गाड़ियों के टायर तेज आवाज के साथ फूटने से लोग घरों से बाहर निकले। एक साथ दो कार जलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर सरण्कडा पुलिस एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंची। एक घंटे बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग से दोनों कार पूरी तरह जल गई है।

## कोच के गेट पर खड़ा ओबीएचएस स्टाफ ट्रेन से गिरा, मौत

**बिलासपुर।** अमृतसर से बिलासपुर आ रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के कोच में ड्यूटी करने वाला ओबीएचएस स्टाफ गेट पर खड़ा था, अचानक नीचे गिरने से मौके पर उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने मर्ग कायम करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार ट्रेन में साफ सफाई के लिए प्रायवेट कंपनी के ठेकेदारों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह ओबीएचएस स्टाफ एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के बीच चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों के मैसेज और अनुरोध पर भी सफाई करते हैं। इसी तरह बिलासपुर से अमृतसर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में भी एसकेएस कंपनी के कर्मचारी ड्यूटी कर रहे हैं। प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह 10 बजे पहुंचने वाली अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस घंटो लेट पहुंची। यह ट्रेन रायपुर और बिल्हा से रवाना होने के बाद कुछ देर के लिए कोचिंग डिपो के पास रूक गई, इसका कारण था कि जिस प्लेटफार्म पर ट्रेन को स्टापेज दिया जाना था वहां पहले से ही मालगाड़ी खड़ी हुई थी। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में लोरमी बाजार पारा निवासी हरि शुक्ला



पिता रवि शुक्ला 40 साल ओबीएचएस की ड्यूटी करता था, जो गेट पर खड़ा था। इस दौरान वह अचानक नीचे गिर गया और चलती गाड़ी की टक्कर से उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक हरि शुक्ला के साथ सफाई कर्मचारी भैंसे पामगढ़ निवासी नरेन्द्र श्रीवास पिता रामचरण श्रीवास 36 साल भी ट्रेन में मौजूद था, जिसने मृतक के ट्रेन के गेट पर खड़े होने और नीचे गिरने से मौत की जानकारी दी। सूचना मिलते ही जीआरपी के प्रधान आरक्षक योगेन्द्र सिंह, आरक्षक जयसिंह मरकाम और मानिकपुरी मौके पर पहुंचे, जहां पहचान होने के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज मर्ग कायम कर लिया गया है।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिलासपुर।** सामने टेबल में टेबलेट रखकर कान में इयर फोन लगाकर छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के एएसआइ अशोक चौरसिया ने बताया, मुलमुला सोनसरी निवासी आयूषी कुर्रे पिता क्रांति कुमार कुर्रे 22 साल पिछले एक साल से जरहाभाठा डल्ला गली में किराए के मकान में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। 20 मार्च की रात 12.30 बजे उसने अपने कमरे में चुनरी से पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर उनका भाई रूम में गया तो आयूषी फांसी पर लटकी मिली। सूचना पर पुलिस रूम में गई तो मृतका के कान में इयर फोन लगा हुआ था और उसके साथ टेबल में टेबलेट रखा हुआ था। संभावना जताई जा रही है कि युवती वीडियो कालिंग के माध्यम से किसी से फोन में बात करते हुए फांसी लगाई है। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली कि किन्तु सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस टेबलेट जब्त कर जांच में जुट गई है।

# गांजा बेचने घूम रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूटी में गांजा रखकर बेचने के लिए घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 4 किलो 300 ग्राम गांजा व 42 हजार 500 रुपए बिक्री रकम जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना के एसआई ओमप्रकाश कुर्रे को सूचना मिली व्यापार विहार तारामंडल के पास एक युवक स्कूटी में गांजा रखकर ग्राहक का इंतजार करते खड़ा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घरोबंदी करते हुए तालापारा निवासी कार्तिक गुप्ता पिता विनोद गुप्ता 27 साल को पकड़ लिया। स्कूटी की तलाशी लेने पर डिक्की में 4 किलो 300 ग्राम गांजा व 42 हजार 500 रुपए बिक्री रकम मिली। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा सहित स्कूटी व बिक्री रकम जब्त कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस मादक पदार्थ बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने में लगी हुई है। एन्ड टू एन्ड के तहत कार्रवाई करते हुए सरगना को पकड़ा जा रहा है। इसके अलावा मादक पदार्थ बेचते हुए पकड़े जाने वाले आरोपियों की नशे की काली कमाई से बनाई संपत्ति की जांच कर सीज कर रही है। इसके अलावा अभियान चलाकर पुड़िया में गांजा बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा आधा दर्जन से अधिक मदाक पदार्थ बेचने वालों को सजा हो गई है। उसके बाद भी तस्कर ओडिशा से गांजा लगाकर शहर में खपाने में लगे हुए हैं।

- 4 किलो गांजा 42 हजार 500 नकद जब्त

### बिना हवा पानी के टूटा हजार वॉट का ओएचई

**बिलासपुर।** शनिवार की सुबह जोनल रेलवे स्टेशन में बिना हवा पानी के ओएचई अचानक टूटकर लाइन पर गिर गया, जिसके कारण स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर ओएचई को दुरुस्त कर लाइन को शुरु कराया। इसके कारण टिटलागढ़ पैसेंजर को करीब एक घंटे विलंब से रवाना किया गया।

बिलासपुर रेल मंडल में घटना और दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रतिमाह किसी न किसी तरह की घटना डिवीजन की सूची में शामिल हो गई है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में शनिवार की सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर अचानक ब्लास्ट होने की आवाज सुनाई दी। इस दौरान प्लेटफार्म नम्बर 7 पर शुक्रवार की रात नागपुर से बिलासपुर पहुंची वंदेभारत खड़ी हुई थी, जिसका शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन परिचालन किया जाता है।

ओएचई अचानक टूटकर वंदेभारत एक्सप्रेस के इंजन के सामने लटक रहा था। बिना हवा और बारिश के ओएचई अचानक टूटने से कर्मचारियों को भी आश्चर्य हुआ। सूचना मिलते ही टीआरडी, ओएचई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे के बाद यानि सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर ओएचई सुधार कार्य किया गया। ओएचई टूटने की जानकारी वायर एंडिंग क्लैम्प के फेल होने के कारण मिली।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में

जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411